# यूपीईएस में छात्रों सीखे कार डिजाइनर के गुर

■ कार डिजाइनर मौरिजियो कर्बी ने किया छात्रों का मार्गदर्शन

देहरादून (एसएनबी)। यूपीईएस में प्रसिद्ध कार डिजाइनर मौरिजियो कर्बी ने छात्र-छात्राओं को कार डिजाइन के गुर सिखाये। इसके लिए यूपीईएस में छात्रों के लिए कार्यशालाओं को आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

यूपीईएस के स्कूल ऑफ डिजाइन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आटोमोटिव कार डिजाइनर मौरिजियो कर्बी ने छात्रों के साथ लाइव स्केचिंग सत्रों में भाग लेकर उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि युवा डिजाइनरों से मिलना और उनके नए दृष्टिकोण और जोश को देखना प्रेरणादायक होता है। उन्होंने युवा डिजाइनरों को अपने काम में अधिक कलात्मकता लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशालाओं में कर्बी ने आटोमोटिव स्केचिंग, अवधारणा निर्माण और डिजाइन सौंदर्यशास्त्र पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किए।

स्कूल आफ डिजाइन के डीन प्रो. भास्कर भट्ट ने कहा कि यूपीईएस में रचनात्मकता और तकनीक के बीच संतुलन बनाना चाहते हैं। इस दौरान छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किये। कार डिजाइनर कर्बी की यात्रा दूसरा चरण 28 फरवरी को दिल्ली में होगा जहां पर वह आटोमोटिव तथा इंडस्ट्रियल डिजाइन पर चर्चा करेंगे।